हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 5 नवंबर 2025

06 15 दिवसीय मां नर्मदा परिक्रमा के साथ होगा नर्मदापुराण...



09 10.60 लाख का मशरूका जब्त अंतरजिला चोर गिरोह गिरफ्तार





## विदिशा मंडी भाव

| | | |
|---|---|---|
| शरबती | 2500 | 3555 |
| गेहूं 1544 | 2155 | 2780 |
| चना | 4500 | 5551 |
| मसूर | 5350 | 6330 |
| सोयाबीन | 2200 | 4860 |
| सरसों | 6101 | 7035 |
| धान | 1150 | 3098 |
| मूंग | 4500 | 5700 |
| तेवड़ा | 2900 | 3025 |
| मक्का | 900 | 1795 |
| धनिया | 7180 | 7180 |
| तुअर | 5800 | 5800 |
| उड़द | 4500 | 4500 |

## खबर संक्षेप

### हलाली बांध की नहरों से आज छोड़ा जाएगा पानी

**विदिशा।** हलाली डेम से आज नहरों में पानी छोड़ा जाएगा। कमांड क्षेत्र के किसानों को पूर्व में सूचित किया जा चुका है। जिन किसानों को पलेवा के लिए पानी की जरुरत है वे अपने-अपने खेतों को तैयार रखें, ताकि सिंचाई का पूरा लाभ मिल सके। साथ ही जिन किसानों के खेतों में धान की फसल खड़ी हुई है वे अपने कुलावे एवं कट को बंद कर लें, जिससे किसी प्रकार का जलभराव न हो और फसल को नुकसान से बचाया जा सके।

### आज होगी लोकगीत व लोक नृत्य की प्रस्तुतियां

**विदिशा।** भगवान बिरसा मुण्डा की 150वी जयंती के समापन वर्ष जनजातीय गौरव के तहत आज लोकगीत एवं लोकनृत्य का आयोजन किया गया है। संस्कृति, जनजातीय कार्य एवं ग्रामीण विकास और नगरीय निकाय के सहयोग से जिले के सभी विकासखंड एवं ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर लोकगीत एवं लोक नृत्य का आयोजन किया गया है। जिसमें प्रमुख रूप से क्षेत्र विशेष में प्रचलित जनजातीय गायन वादन एवं नृत्य थीम पर कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है।

### 72 घंटे में नाबालिक बच्ची को खोज निकाला

**हैदरगढ़।** हैदरगढ़ पुलिस ने मुस्कान अभियान के तहत एक नाबालिग बालिका को 72 घंटे के भीतर सुरक्षित बरामद कर उसके परिजनों को सौंप दिया है। बालिका की गुमशुदगी की रिपोर्ट थाने में दर्ज की गई थी। पुलिस टीम ने तकनीकी साक्ष्यों और मानवीय संसाधनों का उपयोग करते हुए त्वरित कार्रवाई की और बालिका को ढूंढ निकाला। पुलिस की इस संवेदनशील पहल से परिजनों को राहत मिली है और उन्होंने पुलिस की तत्परता की सराहना की है।

### राज्य स्तरीय बैडमिंटन विजेताओं का सम्मान



**विदिशा।** स्प्रिंगफील्ड स्कूल में आयोजित राज्य स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता के डबल्स में इंदौर के सक्षम गुप्ता एवं शोभित गुप्ता ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विजय प्राप्त की। मंगलवार को कच्छी धर्मशाला में मध्य प्रदेश अग्रवाल महासभा, अग्रवाल समाज विदिशा, लायंस क्लब सहित विभिन्न संस्थाओं ने संयुक्त रूप से सम्मान समारोह आयोजित कर विजेता बालकों का अभिनंदन किया। कार्यक्रम में डॉ. मुदित बंसल, पंकज अग्रवाल, रोहित गर्ग, सचिन अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

### सेवानिवृत्त कर्मचारियों को सम्मानित किया

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने सितम्बर माह में सेवानिवृत्त हुए 23 में से 20 कर्मचारियों को पीपीओ व उपादान अदायगी आदेश प्रदान किए। उन्होंने सभी को स्वस्थ व सक्रिय जीवन की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर जिला कोषालय अधिकारी राजीव जैन, पेंशन अधिकारी रूपेन्द्र सिंह मरावी, सहायक अधिकारी अभिलाष पटेल, सोनम रघुवंशी सहित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त कर्मचारियों के परिजन व पेंशन कार्यालय के कर्मचारी भी मौजूद थे।

## प्रदर्शनः देशव्यापी बंद की चेतावनी, अमित बघेल की गिरफ्तारी की मांग

# भगवान झूलेलाल पर आपत्तिजनक टिप्पणी से सिंधी समाज में आक्रोश

***छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना के प्रमुख और जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के अध्यक्ष अमित बघेल द्वारा भगवान झूलेलाल पर आपत्तिजनक टिप्पणी से सिंधी समाज में भारी आक्रोश है।***



विदिशा। हाथों में तख्तियां लेकर प्रदर्शन करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे समाजजन।





विदिशा। आरोपी की गिरफ्तारी की मांग कर एसपी को सौंपा ज्ञापन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

मंगलवार को बड़ी संख्या में सिंधी समाज के लोग पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे और भगवान झूलेलाल पर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी के विरोध में प्रदर्शन कर आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। सिंधी समाज के प्रतिनिधियों का कहना है कि अमित बघेल की टिप्पणी से उनकी धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो उग्र आंदोलन और देशव्यापी बंद का आह्वान किया जाएगा।

पूज्य सिंधी महासभा के महामंत्री मनोज पंजबानी ने कहा कि बघेल ने उनके आराध्य भगवान झूलेलाल का अपमान किया है। उन्होंने सिंधी समाज को पाकिस्तान से आया बताया। जिसे उन्होंने पूरी तरह गलत और निंदनीय करार दिया।

पंजबानी ने जोर देकर कहा कि सिंध प्रांत अखंड भारत का हिस्सा रहा है और सिंधी समाज ने भारत में अपने परिश्रम से एक सम्मानजनक पहचान बनाई है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि बघेल ने माफी नहीं मांगी तो आंदोलन जारी रहेगा। सनातन हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष नितिन माहेश्वरी ने भी अमित बघेल के बयान की कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा कि किसी भी धर्म या भगवान का अपमान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और सरकार को तत्काल कानूनी कार्रवाई करनी चाहिए। समाज के प्रतिनिधियों ने प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर मांग की है कि आरोपी को शीघ्र गिरफ्तार कर सख्त सजा दी जाए, ताकि भविष्य में कोई भी व्यक्ति धार्मिक भावनाओं के साथ खिलवाड़ करने की हिम्मत न कर सके।

- उग्र आंदोलन और देशव्यापी बंद का आह्वान किया जाएगा।

## सांप ने काटा तो झड़वाने ओझा के पास ले गए

# जान पर बन आई तो अस्पताल याद आया

### विदिशा में डॉक्टरों ने सीपीआर देकर बचाई पीड़िता की जान



परिजनों को समझाइश देते डॉक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

घर में सोते समय एक महिला को सांप ने काट लिया। परिजन उसे अस्पताल ले जाने की बजाय गांव के ओझा के पास झाड़-फूंक के लिए ले गए। देर रात जब हालत गंभीर हुई तो सांची से महिला को जिला अस्पताल लाया गया।

अस्पताल से महिला को मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। जहां डॉक्टरों ने उसकी जान बचा ली। पहले परिजनों ने झाड़-फूंक कराई। परिवार को लगा कि महिला सुरक्षित है, इसलिए उसे घर ले आए। कुछ घंटे बाद जहर असर दिखाने लगा और तबीयत तेजी से बिगड़ी। महिला की गंभीर हालत देखकर डॉक्टरों ने तुरंत इलाज शुरू किया। उसकी सांसें थमने लगी थीं, जिसके बाद डॉक्टरों ने सीपीआर दिया और एंटी-स्नेक वेनम समेत अन्य दवाएं दी गईं। डॉक्टरों के अनुसार समय पर इलाज मिलने से उसकी जान बच गई। परिजनों ने स्वीकार किया कि उन्होंने गलती की। उन्होंने कहा कि अब उन्हें समझ आया है कि ऐसे मामलों में समय बर्बाद करना खतरनाक हो सकता है और सीधे अस्पताल ही ले जाना चाहिए।

### डॉक्टर की अपील- झाड़-फूंक में समय न गंवाए

डॉ. धर्मेंद्र रघुवंशी ने बताया कि महिला को अत्यंत गंभीर स्थिति में लाया गया था, उसकी सांसें बंद हो चुकी थीं। समय पर उपचार मिलने से उसकी जान बच गई। लोगों से अपील है कि सांप के काटने पर किसी भी प्रकार की झाड़-फूंक में समय न गंवाएं और तुरंत नजदीकी अस्पताल पहुंचें।

## नदी में कूदी महिला होमगार्ड जवानों की सूझबूझ से बची जान

**विदिशा।** मंगलवार को बेतवा नदी के बड़े पुल पर उस समय अफरा-तफरी मच गई जब एक महिला ने पारिवारिक विवाद के चलते आत्महत्या का प्रयास किया। रंगियापुरा मोहल्ला निवासी 38 वर्षीय महिला पुल की रेलिंग पर चढ़ गई, तभी घाट पर तैनात होमगार्ड जवान वीरेंद्र रघुवंशी और दशरथ सिंह राजपूत ने तत्काल कार्रवाई करते हुए उसे बचा लिया। जवानों ने बातचीत से ध्यान भटकाया और सुरक्षित नीचे उतारा। बताया गया कि पारिवारिक कलह और पति के नशे की लत से परेशान होकर महिला घर से बिना चप्पल-गहनों के निकल गई थी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और महिला को सुरक्षित थाने ले जाया गया। होमगार्ड जवानों के इस मानवीय कार्य की स्थानीय नागरिकों ने प्रशंसा की है।

# स्वास्थ्य सेवाओं की जांच में जुटी टीम आज कलेक्टर से मिलेगी

### लटेरी और ग्यारसपुर स्वास्थ्य केंद्रों की स्थिति खराब

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

- निरीक्षण के बाद पहुंचकर अपनी रिपोर्ट सौंपेगी टीम।

भारत सरकार के कॉमन रिव्यू मिशन (सीआरएम) की टीम जिले में भ्रमण कर रही है। 5 से 6 सदस्यों वाला दल इस बात की जांच कर रहा है कि स्वास्थ्य सेवाओं के लिए दिए जा रहे फंड से स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर हो रही हैं या नहीं।

जांच के लिए प्रदेश के 52 जिलों में से 2 जिले मंदसौर और विदिशा को चुना गया है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लटेरी और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ग्यारसपुर में स्थिति बहुत खराब है। केंद्रों के अंदर चूहे घूम रहे हैं। आज शाम को 4 बजे सीआरएम की टीम कलेक्टर से मिल सकती है। स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए स्वास्थ्य विभाग को खूब फंड दिया जा रहा है, लेकिन मरीजों को स्वास्थ्य केंद्र, उप स्वास्थ्य केंद्र और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर जो सुविधाएं मिलना चाहिए वह नहीं मिल पा रही हैं और मरीज जिला अस्पताल पहुंचते हैं। सामान्य बीमारी के मरीज भी स्वास्थ्य केंद्रों पर उपचार न मिलने के कारण जिला अस्पताल आ रहे हैं। तीन से छह नवंबर तक टीम विदिशा जिले के विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों पर इसी बात की जांच पड़ताल कर रही है केंद्र सरकार द्वारा स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने जो बजट दिया जा रहा है उसका क्या उपयोग जा रहा है और सुविधाएं बेहतर हो पा रही हैं या नहीं।

## गुलाबगंज के कृष्णा पेट्रोल पंप की जांच की



**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देश पर जिले की सभी तहसीलों में पेट्रोल पंपों की राजस्व अधिकारियों के द्वारा जांच पड़ताल जा रही है। मंगलवार को कृष्णा पेट्रोल पंप गुलाबगंज का औचक निरीक्षण क्षेत्र की तहसीलदार और संबंधित अन्य विभागीय दल द्वारा की गई। निरीक्षण दल में खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग, मापतौल विभाग तथा राजस्व विभाग के अधिकारी शामिल रहे। अधिकारियों ने पेट्रोल एवं डीजल की गुणवत्ता, माप की सटीकता, स्टॉक रजिस्टर, बिक्री रजिस्टर एवं वितरण संबंधी अभिलेखों की जांच की। दल द्वारा डिस्पेंसिंग यूनिट की सील, पाइपलाइन, डीजल टैंक के स्तर, नमूना पेट्रोलध्डीजल की घनत्व जांच तथा मीटर रीडिंग का परीक्षण किया गया।

## एमपी ई-सेवा पोर्टल से डिजिटल गवर्नेंस की नई क्रांति का आगाज

# 56 विभागों की 1700 सेवाएं एक पोर्टल पर उपलब्ध

**इस प्रणाली से शासन की संचालन लागत में 40% की कमी आएगी और नागरिकों के 50 मिलियन घंटे वार्षिक रूप से बचेंगे।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा


मप्र के स्थापना दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने एमपी ई-सेवा पोर्टल एवं मोबाइल ऐप का शुभारंभ कर राज्य में डिजिटल गवर्नेंस के क्षेत्र में नई क्रांति की शुरुआत की। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के अंतर्गत मध्यप्रदेश राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम के सेंटर फॉर एक्सीलेंस द्वारा विकसित यह पोर्टल 56 विभागों की 1700 से अधिक सेवाओं और योजनाओं को एक ही डिजिटल प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध कराता है। इस पहल का लक्ष्य वर्ष 2026 तक 100 प्रतिशत ई-सेवा डिलीवरी सुनिश्चित करना है, जिससे मध्यप्रदेश देश के अग्रणी डिजिटल गवर्नेंस सक्षम राज्यों में शामिल होगा। सितम्बर 2025 की राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस सेवा वितरण आकलन रिपोर्ट के अनुसार मप्र ने 1752 ई-सेवाओं को मैप कर 56 विभागीय सेवाओं का 100 प्रतिशत एकीकरण किया है और देश में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। राज्य को सायबर तहसील परियोजना के लिए प्रधानमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार तथा संपदा 2.0 के लिए राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस स्वर्ण पुरस्कार भी प्राप्त हुए हैं।

### एकीकृत मंच और प्रक्रिया भी बहुत सरल

एमपी ई-सेवा पोर्टल नागरिकों को सभी विभागीय सेवाओं के लिए एक ही पोर्टल पर पात्रता जांच, आवेदन, स्थिति देखने और अनुमोदन प्राप्त करने की सुविधा देता है। अब विभिन्न वेबसाइटों पर लॉगिन करने या बार-बार दस्तावेज जमा करने की आवश्यकता नहीं रहेगी। **eseva. mp.gov.in** या मोबाइल एप के माध्यम से यह सेवाएँ उपलब्ध होंगी। आधार आधारित प्रमाणीकरण, ई-साइन और डिजिटल प्रमाणपत्र से यह प्रणाली पूर्णतः पेपरलेस, फेसलेस और सुरक्षित है। इस पोर्टल को समग्र सामाजिक सुरक्षा मिशन के समग्र पोर्टल से जोड़ा गया है। प्रत्येक परिवार को 8 अंकीय परिवार आईडी और हर सदस्य को 9 अंकीय सदस्य आईडी प्रदान की गई है। इससे पात्रता की स्वतः पहचान और दस्तावेजों की ऑटो फेचिंग संभव हो पाई है, जिससे नागरिकों को बार-बार दस्तावेज अपलोड नहीं करने पड़ेंगे।

# नंदकिशोर शास्त्री के निधन से समाज में छाई शोक की लहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा



नंदकिशोर शास्त्री

विद्वान पंडित नंदकिशोर शास्त्री का सोमवार को 90 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनके निधन से समाज में शोक व्याप्त है।

नंदकिशोर शास्त्री 18 वर्ष की आयु में विजय मंदिर आंदोलन से जुड़ गए थे। विजय मंदिर को खुलवाने के लिए उन्होंने जीवनभर संघर्ष किया। मप्र प्रांतीय पंडित महा परिषद के आजीवन महामंत्री रहे। करीब 6 साल पहले उनकी पत्नी कमला शर्मा का निधन हुआ था। उनके परिवार में चार बेटे दिवाकर, मधुकर, सुधाकर और प्रभाकर हैं। वहीं दो बेटियां भारती और ज्योति भी हैं। स्वर्गीय नंदकिशोर शास्त्री ने मुंबई से सैकड़ों युवाओं को शास्त्री की डिग्री भी दिलवाई थी।

# विधायक ने सुनी समस्याएं, मौके पर किया समाधान

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा



हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ देते हुए विधायक।

नगरपालिका परिसर में मंगलवार को विधायक मुकेश टंडन ने नागरिकों की समस्याओं के निराकरण हेतु जनसुनवाई शिविर आयोजित किया। यह जनसुनवाई प्रत्येक मंगलवार को सुबह 11 से दोपहर 1 बजे तक आयोजित की जाती है। जनसुनवाई में कुल 22 लिखित आवेदन प्राप्त हुए, साथ ही कई नागरिकों ने मौखिक रूप से भी अपनी समस्याएं प्रस्तुत कीं। विधायक श्री टंडन ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी शिकायतों का त्वरित निराकरण किया जाए। कुछ समस्याओं का समाधान मौके पर ही कर दिया गया। इस अवसर पर एसडीएम क्षितिज शर्मा, सीएमओ दुर्गेश ठाकुर सहित नगरपालिका व विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने ग्यारसपुर खाद भंडारण केंद्र का निरीक्षण किया



निरीक्षण के दौरान किसानों की समस्याएं सुनते हुए कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने मंगलवार को ग्यारसपुर के खाद भंडारण केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने खाद वितरण प्रक्रिया, स्टॉक की स्थिति और किसानों की सुविधाओं की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने पोस मशीन के माध्यम से हो रहे वितरण का प्रत्यक्ष अवलोकन किया और कहा कि तकनीक आधारित पारदर्शी व्यवस्था से किसानों को राहत मिलेगी तथा किसी किसान को प्रतीक्षा न करनी पड़े।

कलेक्टर गुप्ता ने किसानों से चर्चा कर उनकी समस्याएं सुनीं और नई ई-टोकन प्रणाली के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस प्रणाली से किसान अपने निर्धारित समय पर बिना भीड़ के खाद प्राप्त कर सकेंगे। निरीक्षण में गोदाम प्रभारी ने बताया कि केंद्र पर पर्याप्त खाद उपलब्ध है।

## जनसुनवाई के 157 में से 90 आवेदनों का निराकरण किया गया

# पुरानी शिकायतें हल करने पर कलेक्टर का जोर

**जनहित के सभी प्रकरणों का प्राथमिकता से निराकरण किया जाएगा।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा



विदिशा। जनसुनवाई में आवेदकों की समस्याएं सुनते हुए कलेक्टर श्री गुप्ता।

कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने मंगलवार को जनसुनवाई के दौरान स्वयं आवेदकों की समस्याएं सुनीं। कुल 157 आवेदनों की सुनवाई हुई, जिनमें से 90 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण कर दिया गया।

शेष लंबित आवेदनों पर निर्धारित समयसीमा में कार्रवाई करने के निर्देश संबंधित विभागों को दिए गए। कलेक्टर श्री गुप्ता ने कहा कि जनसुनवाई सुशासन की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसके माध्यम से नागरिकों की समस्याओं का पारदर्शी और त्वरित निराकरण किया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों को लंबित आवेदनों की नियमित समीक्षा कर उनकी स्थिति जन आकांक्षा पोर्टल पर दर्ज करने के निर्देश भी दिए। जनसुनवाई में कई आवेदकों की पुरानी शिकायतों का भी निराकरण हुआ। ग्राम नेहरा की सवोद्रा बाई अहिरवार को एससी-एसटी एक्ट के अंतर्गत पात्रता अनुसार राहत राशि का भुगतान किया गया। इसी प्रकार ग्राम इकोदिया के प्रकाश और ग्राम खिललपुर के बुंदेल सिंह के प्रकरणों का भी समाधान कर राशि वितरित की गई।

विदिशा तहसील के डंगरवाड़ा ग्राम की प्रीति अहिरवार की पुत्री मोहिनी को छात्रावास में दाखिला दिलाया गया। वहीं अनुसूचित जाति छात्रावासों में नियुक्त कोचिंग शिक्षकों के मानदेय से संबंधित आवेदन पर भी त्वरित कार्रवाई की गई। कार्यक्रम में अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर, जिला पंचायत सीईओ ओपी सनोडिया, संयुक्त कलेक्टर अनुभा जैन, निकिता तिवारी एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने कहा कि प्रत्येक मंगलवार को जनसुनवाई में जनहित के सभी प्रकरणों का प्राथमिकता से निराकरण किया जाएगा।



## बासौदा मंडी भाव

सोयाबीन
न्यूनतम भाव-1050
उच्चतम भाव-5446
सरसों
न्यूनतम भाव-6100
उच्चतम भाव-6801
चना
न्यूनतम भाव-4650
उच्चतम भाव- 5651
मसूर
न्यूनतम भाव-5180
उच्चतम भाव-6680
उड़द
न्यूनतम भाव-4200
उच्चतम भाव-5800
मक्का
न्यूनतम भाव- 900
उच्चतम भाव- 2550
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-2880
उच्चतम भाव-3146
धान
न्यूनतम भाव-1000
उच्चतम भाव-3060
बटरी
न्यूनतम भाव- 2500
उच्चतम भाव- 3300
गेंहू
न्यूनतम भाव- 2253
उच्चतम भाव-3301
धनिया
न्यूनतम भाव- 6200
उच्चतम भाव- 6200
मूंग
न्यूनतम भाव- 1200
उच्चतम भाव- 5950

### कृषि मंडी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मण्डी में मंगलवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मण्डी में 25462 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

## खबर संक्षेप

### जनसुनवाई में आए 15 आवेदन



**गंजबासौदा।** मंगलवार को तहसील के पटवारी सभाकक्ष में एसडीएम संतोष बिटोलिया की मौजूदगी में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जिसमें 15 आवेदकों ने विभिन्न समस्याओं से संबंधित आवेदन एसडीएम के समक्ष प्रस्तुत किए। जिनके निराकरण के लिए एसडीएम संतोष बिटोलिया ने संबंधित विभाग अधिकारियों को निर्देशित किया है। इन आवेदनों में वार्ड क्रमांक आवासीय पट्टा दिलाने, गरीबी रेखा में नाम जोडने, रिपोर्ट दर्ज कराने, सहायता राशि मंजूर कराने, शासकीय रास्ता उपलब्ध कराने, पट्टा की राशि के भुगतान, भूमि का सीमांकन कराने, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की राशि न आने, अवैध निर्माण की शिकायत, बटाईदार द्वारा जबरन ट्रैक्टर से पार तोडने, नाम परिवर्तन कराने, आवारा कुत्तों द्वारा पालतू मवेशियों पर हमले किए जाने, वृक्ष की शाखाएं काटने, भूमि पर जाने से रोकने सहित अन्य समस्याओं से संबंधित आवेदन शामिल थे।

# किसानों की विभिन्न मांगों को लेकर भारतीय किसान संघ ने दिया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा




मंगलवार को भारतीय किसान संघ द्वारा किसानों की विभिन्न मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार अरविंद यादव को ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें किसानों को हो रही विभिन्न समस्आयों जैसे, खरीफ फसल 2025 की सोयाबीन मक्का आदि फसलें अतिवृष्टि से 80 से 100% बर्बाद हो चुकीं हैं। उक्त फसलों का धारा 6/4 के अंतर्गत मुआवजा एवं बीमा दिया जाए, सोयाबीन भावांतर योजना में स्पष्टीकरण करें तथा भावांतर में विक्रय की गई फसल का नगद भुगतान करें। जिससे किसानों को अपनी अगली फसल की तैयारी हेतु खाद, बीज, डीजल खरीदने में सहायता मिले, टोकन व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित करने हेतु संबंधित डीलर का पता तथा मोबाइल नंबर पोर्टल पर प्रदर्शित किए जाएं तथा सोसायटियों द्वारा सदस्य किसानों को बिना टोकन भी खाद प्रदान किया जाए एवं खाद व्यापारियों को खाद कंपनी द्वारा एवं खाद व्यापारियों द्वारा किसानों को बोरी के साथ नैनो डीएपी यूरिया प्रदान किया जा रहा है।

इस पर तुरंत कार्रवाई कर शासन के आदेश का पालन कराया जाए, किसानों को सिंचाई हेतु बिजली दिन में 10 घंटे प्रदान की जाए एवं लोड सेटिंग के नाम पर कटी हुई बिजली की भरपाई दिन में ही की जाए। सिंचाई हेतु दो माह का अस्थाई कनेक्शन प्रदान किया जाए, जिन किसानों के हॉर्स पावर बढ़ाकर जैसे पांच की सबमर्सिबल मोटर को सात हॉर्स पावर की बना कर बिल दिया जा रहा है। इस पर प्रशासन संज्ञान ले। गांव तथा शहरों के आसपास इतनी गौशाला होने के उपरांत भी गौ माता सड़कों पर भटक रही हैं। जिससे आम जनता तथा किसान परेशान हैं। आवारा पशुओं को तुरंत गौशाला में छोड़ा जाए। उक्त मांगों का शीघ्र अति शीघ्र निराकरण करें अन्यथा भारतीय किसान संघ अपनी मांगों को लेकर आंदोलन करने को बाध्य होगा। जिसकी संपूर्ण जवाबदारी शासन तथा प्रशासन की रहेगी। ज्ञापन सौंपने के दौरान संघ के पदाधिकारी एवं किसान मौजूद रहे।

### 3600 किमी की नर्मदा परिक्रमा पर निकले श्रद्धालु, ओंकारेश्वर से होगी शुरुआत

# 15 दिवसीय मां नर्मदा परिक्रमा के साथ होगा नर्मदापुराण का वाचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



मां नर्मदा के जय घोष के साथ मंगलवार को नगर के भक्ति दर्शन फाउंडेशन परिवार के तत्वावधान में दो बसों के माध्यम से 80 से अधिक तीर्थ यात्री भक्ति, श्रद्धा और आस्था से ओतप्रोत होकर, पवित्र नदी मां नर्मदा जी की परिक्रमा पर ओंकारेश्वर के लिए रवाना हुए। जहां से वे सभी 5 नवंबर को कार्तिक पूर्णिमा पर नर्मदाजी पूजन के साथ परिक्रमा प्रारंभ करेंगे। 15 दिवसीय यात्रा में परिक्रमा के साथ-साथ नर्मदा पुराण की कथा का भी श्रवण तीर्थ यात्रियों को कराया जाएगा।

परिक्रमा के दौरान तीर्थ यात्री माँ नर्मदा के तटों को प्रणाम करते हुए करीब 3600 किलो मीटर लंबी तपो यात्रा पूरी कर 20 नवंबर को नगर में वापसी करेंगें। मालूम हो कि नर्मदा भारत की एक मात्र ऐसी नदी है जिसकी वेद शास्त्रों में परिक्रमा के साथ-साथ उसके दर्शन और स्नान का विशेष फलदायी महत्व बताया गया है। इसलिए सनातन धर्म में मां नर्मदा के प्रति श्रद्धालुओं में अटूट श्रद्धा, आस्था और भक्ति भाव दिखाई देता है। देवउठनी ग्यारस के बाद नर्मदा जी की परिक्रमा प्रारंभ हो जाती है, जो वाहनों के अलावा पैदल भी की जाती है। मंगलवार को बरेठ रोड़ रघुवंशी धर्मशाला से बसों के प्रस्थान से पूर्व तीर्थ यात्रियों को परिवार जनों, शुभचिंतकों ने फूल-मालाएं पहनाकर, तिलक लगाकर और नारियल अर्पित कर विदा किया। परिक्रमा को लेकर तीर्थ यात्रियों की आंखों में मां नर्मदा के प्रति श्रद्धा, भक्ति के साथ-साथ आस्था और उत्साह दोनों झलक रहे थे। नगर के जनप्रतिनिधियों, विभिन्न समाज सेवी संगठनों ने मंगलमय यात्रा की तीर्थ यात्रियों को शुभकामनाएं दीं। यात्रा के संयोजक पंडित भगवान प्रसाद शास्त्री मानस रत्न ने बताया कि भक्ति दर्शन फाउंडेशन परिवार द्वारा यह पांचवीं नर्मदा परिक्रमा यात्रा है। शास्त्री ने बताया कि नर्मदा माता केवल नदी नहीं, वह स्वयं शिवशक्ति का रूप हैं। जो श्रद्धा से उनकी परिक्रमा करता है, वह जीवन के सारे पापों से मुक्त होकर मोक्ष की ओर अग्रसर होता है। परिक्रमा पर जा रहे उत्साहित तीर्थ यात्री गणेशराम रघुवंशी पूर्व मंडी सचिव, किशन अग्रवाल, वीरसिंह रघुवंशी नौघई, बीएस रघुवंशी, नरेश साहू, राजकुमार रघुवंशी लालाजी, सतपाल कुशवाह सहित अन्य यात्रियों ने बताया कि वह पहली बार बस से नर्मदा जी की यात्रा कर रहे हैं। यह परिक्रमा भारत में भगवान शिव के 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग से 5 नवंबर को मां नर्मदा जी के पूजन अर्चन से प्रारंभ होकर महेश्वर, नेमावर, होशंगाबाद से अमरकंटक होते हुए पुनः ओंकारेश्वर में पूर्णाहुति पाएगी। श्रद्धालु बस द्वारा नर्मदा के तटों के समीप यात्रा करेंगे।

प्रत्येक पड़ाव पर नर्मदा पुराण कथा, ध्यान, संकीर्तन और भजन संध्या का आयोजन होगा। पंडित भगवान प्रसाद शास्त्री पूरे मार्ग में नर्मदा पुराण का रसपूर्ण वाचन करेंगे। सुबह मां नर्मदा पूजन और बाल भोग के बाद यात्रा प्रारंभ की जाएगी। यात्रा मार्ग में जहां-जहां देव, तीर्थ स्थल होंगे उन सभी का तीर्थ यात्रियों को दर्शन कराए जाएगें। शाम को नर्मदा तट के किनारे जहां पड़ाव होगा, वहाँ प्रतिदिन नर्मदापुराण का वाचन कर तीर्थ यात्रियों को महत्व सुनाया जाएगा।

## लीजेंट क्रिकेट में योगी जलवा ने बासौदा-11 को 6 विकेट से हराया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

बासौदा लीजेंड सीजन-1 में नगर के पुराने दिग्गज खिलाड़ी अपनी काबलियत को मैदान में आज भी बरकरार रखे हुए हैं। जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में क्रिकेट प्रेमी पहुंच रहे हैं। 90 के दशक में खेल मैदान पर बल्लेबाजी और गेंदबाजी को जोहर दिखाने वाले खिलाड़ी आज 40 प्लस की आयु में भी अपनी फिटनेश और फार्म को बनाये रखे हैं। नगर के वरिष्ठ खिलाड़ी स्व. कपिल तिवारी की स्मृति में आयोजित हो रहे लीजेंड क्रिकेट में मंगलवार को तीन मुकाबले खेले गए। जिसमें पहला मुकाबला मीडिया और आशू लॉयन के बीच खेला गया। मीडिया लेजेंड ने 12 ओवर में 84 रन बनाये। जिसमें बल्लेवाज सुनील चक्की और विक्की परिहार की महत्वपूर्ण भूमिका रही। 85 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी आशू लॉयन की पूरी टीम 72 रन ही बना सकी और 13 रनों से मीडिया लीजेंड ने यह मैच जीत लिया। इस मैच में जित्तू यादव ने 4 विकेट लिये और उन्हे मैन ऑफ द मैच का पुरूस्कार दिया गया। दूसरा मैच योगी जलवा और बासौदा-11 के बीच खेला गया। यह मैच बेहद रोचक रहा। दोनों ही टीमों में नगर के दिग्गज बल्लेबाज और गेंदबाज थे। बासौदा-11 ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 103 रन बनाये। जिसमें महेश रेलवे ने 20 गेंदों में 60 रनों की पारी खेली।

योगी जलवा की ओर से नितिन यादव ने शानदार गेंदबाजी करते हुये बासौद-11 को बड़े लक्ष्य से रोका और 3 विकेट हासिल किये। बड़े लक्ष्य का पीछा करने उतरी योगी जलवा की टीम ने शुरूआत से ही प्रति ओवर रन गति अच्छी रखी और बाद में विस्फोटक बल्लेबाज इमरान अली के गगन चुम्बी छक्कों की मदद से टीम ने वह मैच एक तरफा जीत लिया। इमरान अली ने 15 गेंदों में 52 रन की पारी खेली। जिन्हे मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। दिन का आखरी मैच आर्यन क्लब और एंपायर टाइगर के बीच खेला गया। जिसमें इंपायर टाइगर की ओर से गोलू खापरे ने 20 गेंद में 50 रन और राहुल यादव ने 17 गेंद में 35 रन की पारी खेली और टीम का स्कोर 130 तक पहुंचा दिया। आर्यन की टीम 10 ओवर में मात्र 95 रन ही बना पाई और 35 रनों से मैच हार गई। इस मैच में गोलू खापरे को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया।

## नेत्र शिविर का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

स्थानीय मील रोड स्थित सद्गुरु विजन सेंटर पर स्व. नारायण सदाशिव सेवा संस्थान के सहयोग से निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर स्वर्गीय रमाबाई पिंगले की पुण्य स्मृति में सेवा दिवस के रूप में मनाया गया। शिविर में डॉ. राजकरण वर्मा और डॉ. अनिल पटेल ने 255 से अधिक मरीजों की नेत्र जांच की और नेत्र रोगों से बचाव के उपाय बताए। 76 से अधिक मरीजों में मोतियाबिंद के लक्षण पाए गए। 45 मरीजों को निःशुल्क चश्मे वितरित किए गए। कैंप प्रभारी जीतू पाठक के निर्देशन में काउंसलिंग टीम के रणवीर सिंह बघेल और कल्पेश शर्मा ने चश्मों का वितरण किया। लखन कुशवाहा और जीतेन्द्र जादौन ने 103 मरीजों को निःशुल्क दवाएं दीं। शिवम सेन और आदर्श गर्ग ने 31 मरीजों के चश्मे के नंबर निकाले। मरीजों की बीपी और शुगर की जांच भी की गई।शिविर सहयोगी सुनील बाबू पिंगले ने बताया कि ऐसे नेत्र शिविर ट्रस्ट के रवि उपाध्याय के मार्गदर्शन में और सद्गुरु स्वर्गीय रणछोड़दास महाराज की कृपा से शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में निरंतर शिविर लगाए जा रहे हैं। कार्यक्रम में



गणेशराम रघुवंशी, डॉ. एके जैन, डॉ. राजकरण वर्मा, मनोज यादव, प्रशांत नायक, संजू यादव, हरिओम भावसार, दीपक शर्मा, संजीव शर्मा, देवेंद्र रघुवंशी सहित अनेक लोग उपस्थित रहे। सभी ने कहा कि नेत्र रोगियों की सेवा करना ही सबसे बड़ा धर्म है। कार्यक्रम में विजय अरोरा, हेमंत भंडारी, सरदार सिंह सिसोदिया ने सहयोग दिया। सुनील बाबू पिंगले ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी शिविर लगाए जाएंगे।

## गुरु ग्रंथ साहब के साथ निकला संकीर्तन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा





सिख धर्म के प्रथम गुरु श्री गुरु नानक देव का प्रकाश पर्व नगर में श्रद्धा और उत्साह से मनाया जा रहा है। सिख खत्री समाज और सिंधी समाज ने इस अवसर पर धार्मिक कार्यक्रमों की श्रृंखला शुरू की है। खत्री समाज द्वारा मंगलवार को नगर में सिख गुरुद्वारा से गुरु ग्रंथ साहब का नगर कीर्तन के साथ चल समारोह निकाला गया। जो सिख गुरुद्वारे से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्ग पुरानी नगर पालिका, गांधी चौक, सदर बाजार, सावरकर चौक, हनुमान चौक, जय स्तंभ चौक, अंबेडकर चौक, नेहरू चौक होते हुए सिख गुरूद्वारा पहुंचा, जहां उसका समापन हुआ। संकीर्तन चल समारोह का नगर में जगह-जगह फूल बरसा कर स्वागत किया गया। चल समारोह में आगे आगे जल बर्षा कर, समुदाय की महिलाएं झाड़ू लगाती चल रही थीं।

इनके पीछे छोटे, बड़े बच्चे मार्ग भर फूल बिछाते चल रहे थे। इनके पीछे पंच प्यारे तलवार लेकर पीले वस्त्र धारण कर चल रहे थे। एक रथ में गुरु ग्रंथ साहब को रखकर बड़े ही श्रद्धा से अरदास कर रहे थे। इनके पीछे महिलाएं गुरुवाणी का पाठ करती चल रही थीं। इस चल समारोह में बड़ी संख्या में सिख, खत्री, पंजाबी समाज के स्वजाति बंधु पुरुष, महिलाएं और बच्चे शामिल होकर गुरुवाणी का पाठ करते हुए चल रहे थे।

## डंपर ने रेल्वे फाटक को क्षतिग्रस्त किया



**गंजबासौदा।** मंगलवार को शाम के समय भड़ेरु रेल्वे फाटक खंभा नंबर 291 को तेज गति से जा रहे डंपर ने क्षतिग्रस्त कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार शाम के समय एक डंपर मंडी बामौरा की ओर जा रहा था। जो रेल्वे फाटक को क्षतिग्रस्त करते हुए निकल गया। जिसकी जानकारी मिलने पर आरपीएफ ने खोजबीन करते हुए मण्डी बामौरा से डंपर को जब्त कर लिया है। डंपर चालक पर रेल्वे अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाऐगी। घटना की सूचना तुरंत रेलवे कर्मचारियों ने अधिकारियों और रेलवे पुलिस को दी। क्षतिग्रस्त फाटक के स्थान पर तत्काल एक अस्थायी फाटक लगाया गया, ताकि ट्रेन क्रॉसिंग के दौरान वाहनों की आवाजाही को नियंत्रित किया जा सके। इस संबंध में आरपीएफ चौकी प्रभारी राहुल यादव ने बताया कि एक डंपर ने रेलवे फाटक को टक्कर मारकर क्षतिग्रस्त किया है और रेलवे पुलिस आवश्यक कार्रवाई कर रही है।

### शासकीय एसजीएस पीजी महाविद्यालय में हुआ आयोजन

# रैगिंग रोकने के लिए एक दिवसीय कार्यशाला संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

मंगलवार को प्राचार्य डॉ. नरेन्द्र कुमार की अध्यक्षता में एन्टी रैगिंग अधिनियम 2009 एवं 2011 के जोखिम पर नियंत्रण संबंधी कानून यूजीसी संस्था में रैगिंग रोकने के लिये (बच्चों का संरक्षण करने संबंधी अधिनियम के संबंध में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में डॉ. बी.के. प्रजापति ने बताया कि रैगिंग एक दण्डनीय अपराध है रैगिंग किसी भी प्रकार का अव्यवस्थित आचरण, चाहे वह मौखिक या लिखित शब्दों द्वारा हो या किसी ऐसे कृत्य द्वारा जिसका प्रभाव किसी अन्य छात्र को चिढ़ाने, उसके साथ अशिष्ट व्यवहार करने या उसके साथ व्यवहार करने पर, उपद्रवी या अनुशासनहीन गतिविधियों में लिप्त होना। जो किसी नए या कनिष्ठ छात्र को कष्ट, कठिनाई या मनोवैज्ञानिक क्षति पहुंचाता हो या पहुंचाना संभव हो या उसके कारण भय या आशंका उत्पन्न करता हो या छात्रों को किसी ऐसे कार्य को करने के लिए कहना जो ऐसा छात्र सामान्य रूप से नहीं करेगा। जिसका प्रभाव शर्म या शर्मिंदगी की भावना उत्पन्न करना हो। जिससे नए या कनिष्ठ छात्र के शरीर या मानस पर प्रतिकूल प्रभाव पड़े।

किसी वरिष्ठ छात्र द्वारा किया गया कोई भी कार्य जो किसी अन्य छात्र या नए छात्र की नियमित शैक्षणिक गतिविधि को रोकता है, बाधित करता है या परेशान करता है। शारीरिक दुर्व्यवहार का कोई भी कार्य, जिसमें उसके सभी प्रकार शामिल हैं, जैसे यौन दुर्व्यवहार, समलैंगिक हमले, कपड़े उतारना, अश्लील और अशिष्ट कार्य, इशारे करना, जिससे शारीरिक नुकसान या स्वास्थ्य या व्यक्ति को कोई अन्य खतरा हो। उन्होंने बताया कि रैगिंग करने वाले छात्रों पर कानून के तहत क्या-क्या नियम है कितनी सजा का प्रावधान है और 02 वर्ष का कारावास से दंडित किया जा सकता है आदि रैगिंग संबंधी जानकारी दी गई। रैगिंग से संबंधित अन्य जानकारियां तथा अधिनियमों की जानकारी डॉ. कंचन वैद्य द्वारा दी गई। उक्त अपराधों से संबधित जैसे दण्डित करने, पुलिस स्टेशन एवं एन्टी रैगिंग सेल को शिकायतों की जानकारी छात्र दे सकते हैं। छात्र, छात्राओं की समस्याओं को महाविद्यालय में गठित सेल के द्वारा निराकरण किया जायेगा। कार्यशाला में डॉ. सुमनलता गुप्ता, सुधा पाठक, डॉ. मोनिता नेमा, डॉ. रेखा जांसल, मनीष दुबे, अभिषेक सिंह, डॉ. विकास, डॉ. आर.डी. जाटव सहित महाविद्यालय की 38 छात्र, छात्राएं शामिल हुईं।

### नपा चल रही आवारा कुत्तों को पकड़ने अभियान




**गंजबासौदा।** मंगलवार को नगरपालिका अमले द्वारा अभियान चलाकर नगर के मुख्य मार्गों एवं गलियों में विचरण करने वाले आवारा कुत्तों को डॉग कैचर की मदद से पकड़ा गया। यहां उल्लेखनीय है कि नगर में दर्जनों की संख्या में आवारा कुत्ते गलियों, मुख्य सड़कों पर भ्रमण करते रहते हैं। जिन्होंने कई लोगों को अपना शिकार बनाया है। आमजन की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए नपा द्वारा कुत्ता पकड़ने का अभियान शुरू किया गया है।

# हनुमान चालीसा पाठ आयोजित

**गंजबासौदा।** गत दिवस हिंदू चेतना सेवा समिति द्वारा आयोजित श्री हनुमान चालीसा पाठ का 101वां चरण बड़े ही हर्षोल्लास और उत्साहपूर्ण वातावरण में श्री बालाजी मंदिर, पठारपुरा राजेंद्र नगर में संपन्न हुआ। पाठ में मोहल्ले की महिलाओं और पुरुषों की अत्यधिक संख्या में उपस्थिति रही। भक्तों के जयकारों और श्रद्धा के स्वर से सम्पूर्ण मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण में परिवर्तित हो गया। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष राकेश सिंह रघुवंशी ने बताया कि अगला हनुमान चालीसा पाठ लालू महाराज की गौशाला में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि समिति का उद्देश्य नशा मुक्त समाज का निर्माण करना और युवाओं को धर्म एवं भक्ति के मार्ग पर अग्रसर करना है। पाठ में प्रमुख रूप से नंदकिशोर वर्मा, मोहित तिवारी, रवि रघुवंशी, अर्णव रघुवंशी, राजेश दुबे, रत्नेश दुबे, मयंक दुबे, भूपेंद्र सिंह राजपूत, संतोष विश्वकर्मा, मनोज चौबे, अनुराग दुबे, राजीव दुबे, हरिओम रघुवंशी, लोकेंद्र रघुवंशी, गजराज राय, विकास रिछारिया, महेंद्र पाल, प्रशांत शर्मा, लोकेश साहू, अखिलेश तिवारी, कृतिका साहू, काशी साहू, निशिकांत माथुर, पूर्वी साहू, देवांश माथुर, अर्पित विश्वकर्मा, हर्षित विश्वकर्मा, संतोष शर्मा, अनूप दुबे, कमलेश दुबे, रमेश कुमार, रोहित नाथ आदि सम्मिलित हुए। वहीं महिला शक्ति में अलका दुबे, प्रीति दुबे, रजनी दुबे, जागेश्वरी दुबे, शशि दुबे, माधवी दुबे, सीमा दुबे आदि शामिल हुईं।



### वंदेभारत की चपेट में आने से युवक की मौत

**गंजबासौदा।** सोमवार को रात्रि के समय वंदेभारत ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार युवक रेल्वे ठेकेदार का कर्मचारी था जो लाइन क्रास कर जा रहा था। ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई और शव क्षत विक्षत हो गया। बताया जाता है कि रेलवे पुलिस एवं रेल प्रशासन की अनदेखी से लगभग दो घंटे तक युवक का शव प्लेटफार्म पर पड़ा रहा।

### सिरोंज पुलिस की बड़ी सफलता, आरोपियों से पूछताछ जारी

# 10.60 लाख का मशरूका जब्त अंतरजिला चोर गिरोह गिरफ्तार

## फुटेज और तकनीकी साक्ष्यों से 5 चोरी के प्रकरणों का खुलासा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन में जिले में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सिरोंज पुलिस को बड़ी सफलता प्राप्त हुई है।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे एवं एसडीओपी सिरोंज सुश्री सोनू डावर के मार्गदर्शन में गठित पुलिस टीम ने अंतरजिला चोरी गिरोह का पर्दाफाश कर चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी रात के समय सूने मकानों को निशाना बनाकर चोरी की वारदातों को अंजाम देते थे। 180 से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगालने, तकनीकी विश्लेषण एवं स्थानीय सराफा व्यापारियों की सहायता से आरोपियों की पहचान कर गिरफ्तारी की गई।

### इन आरोपियों की पुलिस ने की धरपकड़

*चोरी की घटना को अंजाम देने वाले आरोपी उमर फारूख पिता शरीफ भाई, उम्र 35 वर्ष, निवासी अयोध्या बस्ती सिरोंज, मोहम्मद मियां पिता नवाब मियां, उम्र 27 वर्ष, निवासी अफजल कॉलोनी, जिंसी चौराहा, भोपाल।नईम अली पिता रईस अली, उम्र 28 वर्ष, निवासी न्यू आरिफ नगर, बैरसिया रोड, भोपाल फरीद पिता हनीफ खां, उम्र 28 वर्ष, निवासी वार्ड क्रमांक 21, अयोध्या बस्ती सिरोंज के 4 आरोपियो से कुल बरामद मशरूका 10,60,000 सोने-चांदी के आभूषण एवं एक मोटरसाइकिल सहित आरोपियों ने खुलासा किया। वही सिरोंज निवासी फारूख पहले मकानों की रेकी करता था, जिसके बाद वह अपने भोपाल स्थित साथियों फरीद, नईम और मोहम्मद को बुलाकर चोरी की घटनाओं को अंजाम देता था। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक विमलेश कुमार राय, उ.नि. आर.के. दोरहे, सउनि. मोहनलाल, प्र.आर. वीरेन्द्र लोधी, आर. शशांक पाठक,आर. सचिन सोनी, आर. विष्णु तोमर,आर. गिरजेन्द्र, आर. गुलशन, आर. रवि, आर. मुकेश की महत्वपूर्ण भूमिका रही।*

### संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में 3 स्वर्ण और 2 रजत पदक पर किया कब्जा

# महाविद्यालय का कुश्ती दल राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में दिखाएगा अपना दम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के खेल केलेंडर के अनुसार शासकीय कन्या महाविद्यालय सीहोर में संभाग स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विदिशा जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए शासकीय लाल बहादुर शास्त्री स्नातकोत्तर महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने अपने अपने बजन वर्ग में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। वही नरेश अहिरवार ने 83 किलोग्राम वर्ग,बंटी गुर्जर ने 125 किलोग्राम वर्ग तथा काजल सोनी ने 68 किलोग्राम वर्ग में स्वर्ण पदक जीते। सत्यम रघुवंशी तथा अजय यादव को रजत पदक मिला।

क्रीड़ा प्रभारी डॉक्टर समृथ निनामा एवं क्रीड़ा अधिकारी डॉक्टर वसीम उल्लाह खान के मार्गदर्शन में सभी छात्र राज्यस्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में उज्जैन में अपने कौशल का प्रदर्शन करेंगे। खिलाडियों की प्रतिभा को निखारने में स्थानीय विधायक उमाकांत शर्मा की विशिष्ट भूमिका रही है। खेलों के प्रति उनकी रुचि एवं प्रयास अब परिणाम में परिवर्तित होने लगे हैं। वही जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष ने राज्य स्तर पर खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की अग्रिम शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के प्राचार्य सहित समस्त स्टाफ एवं खेल प्रेमियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए छात्रों का उत्साह वर्धन किया।



# खुशनुमा ने महज़ 8 वर्ष की उम्र किया कुरान मुकम्मल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

लड़कियों के लिए दीन की तालीम बहुत ज़रूरी है, क्योंकि इस्लाम में अच्छी परवरिश, तालीम और तरबीयत पर खास ज़ोर दिया गया है। दीन की तालीम बहुत अहम है।

इस्लामी मान्यताओं के अनुसार, इल्म ज्ञान सबसे बड़ी दौलत है और उलमा (विद्वान) नबियों के वारिस होते हैं। इस्लामी शिक्षा के अनुसार हमारे पैगंबर मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम ने फरमाया है कि जिन लोगों ने अपनी तीन बेटियों को अच्छी तालीम और तरबीयत दी और उनसे अच्छा सुलूक किया, और निकाह किया उनके लिए जन्नत की खुशखबरी है। कुरआन में आया है। कि क्या इल्म रखने वाले और न रखने वाले बराबर हो सकते हैं। (कुरआन 39:9)। नबियों का वारिस बनना: इस्लाम में इल्म को सबसे बड़ी दौलत माना जाता है। सही तिर्मज़ी के अनुसार, उलमा नबियों के वारिस हैं, क्योंकि उन्होंने दौलत नहीं बल्कि इल्म छोड़ा है। जिसने इल्म हासिल किया, उसने नबियों की विरासत में से एक बड़ा हिस्सा हासिल कर लिया। दीनी तालीम हर एक मुस्लिम लड़की को पढ़ना चाहिए। नस्लो में दीन दीनदार औरत से आता है।

अपनी बहनों बेटियों को कुरआन और अहादीस की तालीम जरूर दें। दीनी तालीम हासिल करवाने के साथ साथ दुनयावी तालीम भी जहां तक मुमकिन हो ज़रूर दिलाएं अपने बच्चों को डाक्टर इंजीनियर एडवोकेट आफिसर आदि जहां तक मुमकिन हो सके तालीम ज़रूर दिलाएं और अच्छी खबर खेलने कूदने की उम्र में कुरआन से मुहब्बत का जज्बा पढ़ने शौक अहादीस के सीखने के शौक बहुत ही अच्छी बात है अपने बच्चों को बचपन से मोबाइल के बजाए किताबें हाथ में ताकि दुनिया व आखिरत दोनों जहां में कामयाब हो सकें खुशनुमा खान ने महज़ 8 साल की उम्र में सिरोंज शहर की मशहूर दर्सगाह मदरसा उलूमुल कुरान में कुरान पाक नाज़रा मुकम्मल किया इस अवसर पर मदरसा के उस्ताद हाफ़ज़ि शाबान हाफ़ज़ि शोएब एवं मौलवी अज़ीमुद्दीन नदवी हाफ़ज़ि अब्दुल कदीर मंसूरी हाफ़ज़ि शाहरुख उनारसी सईद खान अरमान खान अयाज़ खान आमिर खान आसिफ खान आदि ने मुबारकबाद पेश की अल्लाह तआला खुशनुमा खान को खूब तरक्की से नवाजे और दोनों जहाँ में कामयाब करें। मां-बाप की उम्र में बरकत अता फरमाए आमीन दिल की गहराईयों से बेशुमार मुबारकबाद।



# बिजली पेंशनर्स सम्मेलन 15 दिसम्बर को सुरक्षित पेंशन भविष्य पर केंद्रित रहेगी चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सागर

म.प्र. राज्य विद्युत मंडल पेंशनर्स एसोसिएशन, सागर क्षेत्र के तत्वावधान में 15 दिसम्बर को वार्षिक क्षेत्रीय सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। यह सम्मेलन रवीन्द्र भवन सभागार में संपन्न होगा। मुख्य अतिथि के रूप में राज्य के पूर्वमंत्री, विधायक भूपेन्द्र सिंह जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक शैलेन्द्र जैन आमंत्रित किए गए हैं। एसोसिएशन के सचिव रामलखन श्रीवास्तव ने बताया कि सम्मेलन में सागर संभाग के साथ-साथ प्रदेश के अन्य शहरों से भी बड़ी संख्या में बिजली पेंशनर्स और प्रांतीय पदाधिकारी भाग लेंगे। आयोजन समन्वयक महाराज सिंह राजपूत ने जानकारी दी कि सम्मेलन में परंपरानुसार 75 वर्ष से अधिक आयु पूर्ण कर चुके पेंशनर्स का सम्मान किया जाएगा। सम्मेलन का मुख्य विषय "सुरक्षित पेंशन भविष्य" रहेगा। आयोजन समिति के सदस्यों राजीव श्रीवास्तव, डी.एस. राजपूत, आर.एस. खरे, धनराज पटैल, अनिल गुप्ता, जे.पी. शर्मा और जी.एस. पाठक ने बताया कि बिजली पेंशनर्स उत्तर प्रदेश की तरह राज्य कोषालय के माध्यम से पेंशन भुगतान की व्यवस्था लागू करने की मांग कर रहे हैं।



### बीएलओ घर-घर जाकर करेंगे मतदाता सत्यापन

**सागर।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार निर्वाचक नामावली का विशेष गहन पुनरीक्षण, 2026 का कार्यक्रम जारी किया गया है। उक्त कार्यक्रम के अंतर्गत अर्हता तिथि 01 जनवरी के मान से निर्वाचक नामावली का घर-घर जाकर सत्यापन कार्य बीएलओ के माध्यम से किया जाएगा। यह कार्य 4 नवम्बर से 04 दिसम्बर तक संपन्न किया जाएगा। इसके लिए निर्वाचन कार्य में नियुक्त सभी बीएलओ (बूथ लेवल अधिकारी) को निर्देश दिए गए हैं कि वे उक्त अवधि में अपने-अपने क्षेत्रों में घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन कार्य समय पर पूर्ण करें।

# ग्यारसपुर का बाजरा मठ सूर्य मंदिर प्राचीन वैभव फिर पा रहा नया जीवन



**ग्यारसपुर।** शालभंजिका की नगरी ग्यारसपुर अपने ऐतिहासिक और सांस्कृतिक वैभव के लिए प्रसिद्ध रही है। इसी धरती पर स्थित बाजरा मठ सूर्य मंदिर, जो स्थापत्य दृष्टि से उड़ीसा के कोणार्क मंदिर का समकालीन माना जाता है, अब पुनः अपने मूल स्वरूप में लौटने की तैयारी में है। भारतीय पुरातत्व विभाग के संरक्षण में मंदिर का जीर्णोद्धार कार्य तेज़ी से प्रगति पर है। मंदिर के मुख्य द्वार पर सात घोड़ों पर आरूढ़ भगवान सूर्य की भव्य प्रतिमा स्थापित है। शिखर के पत्थरों को सावधानीपूर्वक उतारकर नए बलुआ पत्थरों से कारीगरों द्वारा प्राचीन शैली में नक्काशी की जा रही है। 9वीं–10वीं शताब्दी में निर्मित यह मंदिर तीन गर्भगृहों (त्रिकूट संरचना) वाला है। प्रारंभ में यहां ब्रह्मा, विष्णु और महेश की मूर्तियाँ स्थापित थीं, जिन्हें बाद में जैन तीर्थंकर की प्रतिमाओं से प्रतिस्थापित किया गया। यह मंदिर केवल स्थापत्य कला का प्रतीक ही नहीं, बल्कि ग्यारसपुर की प्राचीन आत्मा और सांस्कृतिक चेतना का जीवंत प्रतीक बनकर उभर रहा है।

### कलेक्टर से मुलाकात कर कृषि के क्षेत्र में कार्य करने का लिया संकल्प



**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता से आज उनके चेंबर में पहुंचकर विदिशा के युवा अभिषेक सुमन ने सौजन्य भेंट की और उनके द्वारा अर्जित की गई उपलब्धियां से अवगत कराया और अपने अब तक के उपलब्धियों और विभिन्न राष्ट्रीय युवा कार्यक्रमों में दिए गए योगदान की जानकारी दी। अभिषेक सुमन विगत वर्षों में विभिन्न राष्ट्रीय मंचों पर मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। वे हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से सम्मानित हो चुके हैं। कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने अभिषेक से युवाओं और कृषि क्षेत्र से जुड़ी पहलों पर कार्य करने के लिए प्रेरित किया। कलेक्टर श्री गुप्ता के सुझावों का स्वागत करते हुए अभिषेक सुमन ने कहा कि वे ग्रामीण युवाओं को कृषि नवाचार, उद्यमिता और नेतृत्व के क्षेत्र में आगे लाने हेतु ठोस पहल करेंगे। कलेक्टर अंशुल गुप्ता के मार्गदर्शन में वह युवा सशक्तिकरण और कृषि सुधार के क्षेत्र में नए विचारों पर काम शुरू करेगा।

# गुलाबगंज में सांसद खेल महोत्सव की मशाल यात्रा का जोरदार हुआ स्वागत

**विदिशा।** सांसद खेल महोत्सव की मशाल यात्रा मंगलवार को गुलाबगंज पहुंची। 30 अक्टूबर को खेल परिसर स्टेडियम में पूर्व क्रिकेटर कपिल देव, मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव, कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, सांसद लता वानखेड़े ने यह मशाल विधायक मुकेश टंडन को सौंपी थी। मंगलवार को मशाल लेकर विधायक मुकेश टंडन कुआखेड़ी पहुंचे। उनके साथ पूर्व जिला अध्यक्ष राकेश जादौन, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि बृजेश लोधी, भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रतीक सिंह कंग मशाल लेकर गुलाबगंज रवाना हुए। कुआंखेड़ी से निकलने के बाद ग्राम वन, सौजना, धनियाखेड़ी, हथियाखेड़ा, और गुलाबगंज में कई जगहों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर छात्रपाल शर्मा, जगदीश दागी, मुकेश यादव, अजय दांगी, सचिन यादव, शैलेंद्र सप्रे, ओमप्रकाश घावरी, मुन्नालाल सोनी, बलवंत यादव, रामबाबू रघुवंशी, बृजेश लोधी, रामसेवक दागी, गोलू रघुवंशी, विवेक दांगी आदि लोग उपस्थित रहे।



### ई-ऑफिस प्रकिया कार्य प्रणाली का प्रशिक्षण दिया

**हरिभूमि न्यूज. विदिशा।** ई-दक्ष प्रशिक्षण केंद्र विदिशा में यूनिकोड टाइपिंग, ई-ऑफिस डिस्पैच बाय सीआरयू एवं डिजिलॉकर प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य शासकीय कार्यालयों में कार्यरत कर्मचारियों को डिजिटल कार्यप्रणाली में दक्ष बनाना है। प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को यूनिकोड टाइपिंग, ई-ऑफिस में पत्राचार एवं डिस्पैच प्रक्रिया, तथा डिजिलॉकर के उपयोग संबंधी जानकारी व्यवहारिक रूप से दी गई।

## कृषि को समझने स्कूल के विद्यार्थियों को मृदा परीक्षण से जोड़ा

**विदिशा।** जिले में किए जा नवाचारों की कड़ी में अब एक नया अध्याय जुड़ रहा है। जिसके तहत स्कूली छात्रों को भी कृषि से जोड़ने, कृषि का ज्ञान उपलब्ध कराने की दृष्टि से शासन की योजना के अंतर्गत विदिशा जिले के 9 पीएम श्री स्कूल के बच्चों को इस योजना से जोड़ा है।जिसके अंतर्गत प्रत्येक पीएम श्री स्कूल को 50 मिट्टी के नमूने छात्रों के माध्यम से किसानों के खेतों से एकत्र करके प्रयोगशाला के अधिकारियों तथा पीएम श्री स्कूल के व्याख्याताओं के मार्गदर्शन में मिट्टी नमूने का विश्लेषण कर उपलब्ध तत्वों का पता लगाना है । कृषकों के खेतों से मिट्टी नमूना लेने से लेकर उनका विश्लेषण कर एवं रिपोर्ट उपलब्ध कराने तक की पूरी प्रक्रिया छात्रों के द्वारा की जाएगी। इसी कार्ययोजना को पीएम श्री स्कूल के शिक्षकों एवं प्रतिनिधियों को समझाने की दृष्टि से सोमवार तीन नवंबर को किसान कल्याण तथा कृषि विकास विदिशा के उपसंचालक कार्यालय में एक विशेष कार्यशाला आयोजित की गई थी। कार्यशाला में उपस्थित पीएम श्री स्कूल के शिक्षक तथा प्रतिनिधियों को विभाग के उपसंचालक केएस खपेड़िया के मार्गदर्शन में सहायक संचालक कृषि अविना सिंह परिहार एवं कृषि विस्तार अधिकारी साक्षी सचान द्वारा नमूने लेने की प्रक्रिया तथा विश्लेषण एवं योजना से संबंधित विभिन्न पहलुओं को उपस्थित प्रतिनिधियों के समक्ष विस्तार से बताया गया।

### चयन सूची जारी

**विदिशा।** महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि जिले की आंगनबाडी केन्द्रो में रिक्त कार्यकर्ता एवं सहायिका पद के चयन सूची एमपी ऑन लाइन पब्लिक पोर्टल पर प्रकाशित की जा चुकी है। जारी सूची व नियुक्ति प्रक्रिया से संतुष्ट नहीं होने की स्थिति में, चयनित नहीं होने वाले आवेदको के द्वारा प्रथम अपील सूची प्रकाशन दिनांक से दस दिवस के अन्दर कलेक्टर न्यायालय एवं प्रथम अपील से संतुष्ट नहीं होने की स्थिति में द्वितीय अपील के लिए प्रथम अपील निराकरण उपरांत दस दिवस के अंदर संभागायुक्त न्यायालय भोपाल में की जा सकेगी। अधिक जानकारी के लिए संबंधित परियोजना कार्यालय में कार्यालयीन दिवसों अवधि में सम्पर्क कर प्राप्त की जा सकती है।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री अनिल गौर पुत्र श्री नंदराम कुर्मी उर्फ नंदराम गौर निवासी मकान नं. 33 वार्ड नं. 12 बूढ़ागंज गैरतगंज तहसील गैरतगंज जिला रायसेन म.प्र. के द्वारा मेरे पक्षकार आधार हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड शाखा विदिशा से लोन प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है जिसमें उनके द्वारा एक मकान जिसका क्षेत्रफल 1259 वर्गफिट है जो कि आराजी क्रमांक 322/16/2, पटवारी हल्का क्रमांक 33, वार्ड क्रमांक 12, गैरतगंज तहसील गैरतगंज जिला रायसेन म.प्र. में स्थित है उक्त मकान जिसकी चतुर्थ सीमाए इस प्रकार हैं पूर्व में- सुनीता रजक का मकान, पश्चिम में- पेट्रोल टैंक और भूमि आराजी क्रमांक 324, उत्तर में- मेनरोड़ सागर गैरतगंज, दक्षिण में- नंदकिशोर की भूमि है जो उनके पिता श्री नंदराम कुर्मी उर्फ नंदकिशोर गौर पुत्र कालूराम गौर निवासी मकान नं. 33 वार्ड नं. 12 बूढ़ागंज गैरतगंज तहसील गैरतगंज जिला रायसेन म.प्र. की पैतृक मकान था जिसका सहस्वामित्व श्री नंदराम कुर्मी उर्फ नंदकिशोर गौर द्वारा अपनी पत्नि श्रीमति सावित्री बाई पत्नि श्री नंदराम कुर्मी उर्फ नंदकिशोर गौर निवासी मकान नं. 33 वार्ड नं. 12 बूढ़ागंज गैरतगंज तहसील गैरतगंज जिला रायसेन म.प्र. को किया गया है उक्त मकान का सहस्वामित्व पत्र दिनांक 31-10-2025 ई रजिस्टेशन नं. MP451GR18122025A100980760 हैं। उक्त मकान पर लोन प्राप्त करने हेतु श्री अनिल गौर पुत्र श्री नंदराम कुर्मी उर्फ नंदराम गौर निवासी मकान नं. 33 वार्ड नं. 12 बूढ़ागंज गैरतगंज तहसील गैरतगंज जिला रायसेन म.प्र. द्वारा मेरे पक्षकार आधार हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड शाखा विदिशा मे आवेदन प्रस्तुत किया गया हैं उक्त मकान पर किसी व्यक्ति या संस्था का किसी प्रकार का हक या आपत्ति हो किसी भी प्रकार का कोई हक हो तो वह उक्त सूचना प्रकाशन के सात दिवस के अंदर मेरे कार्यालय स्थित प्रथम तल, इक्चाटास बैंक के उपर, मैनरोड़ राजीवनगर, विदिशा जिला विदिशा म.प्र. मे आकर आपत्ति दर्ज करायें ऐसा ना करने की दशा मैं मेरा पक्षकार कम्पनी उक्त संम्पत्ति पर लोन प्रदान करने अग्रसर होगी समयावधि के बाद किसी प्रकार की दावा आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।

भवदीय आशीष श्रीवास्तव एडवोकेट
प्रथम तल, इक्चाटास बैंक के उपर, मैन रोड़ राजीवनगर, विदिशा जिला विदिशा म.प्र. मो. 9685965100

# विधायक हरि सिंह रघुवंशी ने किया 25 लाख से बनने वाले सामुदायिक भवन का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्यारसपुर



ग्राम पंचायत पुरागोसांई में मंगलवार को विधायक हरिसिंह रघुवंशी ने 25 लाख रुपए की लागत से बनने वाले भव्य सामुदायिक भवन का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष अजय गुर्जर एवं ग्राम पंचायत के सरपंच पृथ्वीराज मीणा के द्वारा पूजन-अर्चन कर विधिवत भूमि पूजन संपन्न कराया गया।

विधायक श्री रघुवंशी ने कहा कि यह सामुदायिक भवन ग्रामीण क्षेत्र की एक बड़ी जरूरत थी। इसके निर्माण से आसपास की चार ग्राम पंचायतों के लोगों को लाभ मिलेगा। शादी-विवाह, सांस्कृतिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए ग्रामीणों को अब बाहर भटकना नहीं पड़ेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार आम जनता के विकास एवं सुविधा के लिए निरंतर कार्य कर रही है। जनता की सुविधा ही हमारी प्राथमिकता है। कार्यक्रम में जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि बृजेश लोधी महामंत्री शिवराज रघुवंशी, पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेंद्र मीणा, प्रताप सिंह रघुवंशी, मनोज श्रीवास्तव, वीरेंद्र यादव, नारायण मीणा, श्याम बाबू शर्मा, सरपंच हेमंत रघुवंशी, लक्ष्मीनारायण मीणा, जसवंत मीणा, निधि ठाकुर, राजेश मीणा, दीनदयाल विश्वकर्मा, रमेश गुर्जर, फारूक अली, रमेश कुशवाह, दीपक रघुवंशी, गोविंद दास बैरागी, दीपक दांगी, सचिव जितेंद्र दांगी, रोजगार सहायक जालम सिंह मीणा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं खंड स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

पूरे क्षेत्र में इस सामुदायिक भवन के भूमि पूजन को लेकर ग्रामीणों में हर्ष का माहौल देखा गया। विधायक श्री रघुवंशी के विकास कार्यों की ग्रामीणों ने सराहना की और उनके प्रति आभार व्यक्त किया।

# मुस्कान अभियान के अंतर्गत जन चेतना शिविर आयोजित

**कुरवाई।** ज्ञान ज्योति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मेहलुआ चौराह में बालक-बालिकाओं को गुड टच बेड टच के बारे में जागरूक किया गया। पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे एवं एसडीओपी रोशनी सिंह के मार्गदर्शन में चौकी मेहलुआ थाना पुलिस द्वारा ज्ञान ज्योति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में विशेष मुस्कान अभियान के अंतर्गत जन चेतना शिविर आयोजित किया गया जिसमें चौकी प्रभारी यादव अपने स्टाफ के साथ एवं विद्यालय के प्राचार्य एवं शिक्षक उपस्थित रहे और विशेष तौर पर बालिकाओं को गुड टच बेड टच के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी एवं कानूनी अधिकारों के विषय में अवगत कराया साथ ही अन्य आपातकालीन सहायता नंबर 112, महिला हेल्पलाइन 1090, एवं अन्य महत्वपूर्ण विषयों जैसे बाल विवाह, साइबर क्राइम , एवं वर्तमान में बढ़ते सोशल मीडिया के दुरुपयोग और दुष्परिणामों के विषय में अवगत कराया गया एवं बालक बालिकाओं से अन्य सामाजिक एवं कानूनी मुद्दों पर परिचर्चा कर मार्गदर्शन दिया।



**कार्यालय-रिटर्निंग अधिकारी महिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संस्था मर्या. ककराज, जिला विदिशा**

:: आम सभा की सूचना ::

मुझे महिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संस्था मर्या. ककराज के संचालक मण्डल के सदस्यों तथा अन्य सहकारी सोसाइटीयों को भेजे जाने वाले प्रतिनिधियों के निर्वाचन हेतु रिर्टनिंग अधिकारी नियुक्त किया गया एतद्र मेरे द्वारा महिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संस्था मर्या. ककराज के विशेष आमसभा दिनांक 19/11/2025 हेतु निर्वाचन प्रक्रिया के अंतर्गत मेरे द्वारा निर्वाचन कार्यक्रम जारी किया जा रहा हैं जिसको सभी सदस्यो को डाक द्वारा भेजने की व्यवस्था करे एवं निर्वाचन कार्यक्रम किन्ही दो समाचार पत्र में प्रकाशित करावे तथा समाचार पत्र कि कटिगं प्रस्तुत करे। दिनांक 11/11/2025 को महिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संस्था मर्या. ककराज के कार्यालय में उपस्थित हो कर कार्यलयीन समय 1.00 से 3. 00 बजे तक में नामांकन पत्र मुझे / प्रबंधक श्री गोविन्द्र राजपूत को प्रदान कर नामंकन पंजी में दर्ज करावे । सभी प्राप्त नामांकन पत्र दिनांक 12/11/2025 की जांच मेरे द्वारा महिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संस्था मर्या. ककराज 1.00 बजे दोपहर से जांच की जावेगी।

(अनिल सक्सेना) रिटर्निंग अधिकारी
महिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संस्था मर्या. ककराज

## संक्षेप खबर

### गुरुनानक देव जयंती पर आयोजन आज होंगे

**सोहागपुर।** श्री गुरुनानक देव जयंती पर आज सोहागपुर सिंधी समाज प्रकाश पर्व मनाएगा। पर्व पर पूज्य सिंधी पंचायत सोहागपुर द्वारा गुरुद्वारे में आयोजन किया जाएगा। लकी किशनानी ने बताया कि मुख्य बाजार में रंगीराम चौराहे के समीप स्थित गुरुद्वारे में बुधवार सुबह 8.30 बजे से 9.30 बजे तक पाठ साहब किया जाएगा। वहीं सिंधी समाज गुरुद्वारा शास्त्री वार्ड में सुबह 10 बजे से पाठसाहब होगा। वहीं प्रसाद वितरण के बाद दोपहर एक बजे से अटूट लंगर शुरू होगा।

### बिटिया आश्रिता एवं संगीता बनीं सीए

**पिपरिया।** नगर पालिका परिषद क्षेत्र के मोहता प्लाट निवासी पं गिरधर पाठक पत्नी आरती पाठक की बेटी आश्रिता पाठक ने तथा नगर की ही संगीता पालीवाल ने शहर नाम गौरवान्वित करते हुए सीए की परीक्षा पास की है। मुख्य रुप से आश्रिता पाठक ने बताया कि कठिन परिश्रम धैर्य निरंतर प्रयास किया गया। जिसके कारण चार्टर्ड अकाउंटेंट सी ए की परीक्षा उत्तीर्ण की है। उन्होंने बताया कि लगातार सन 2017से लक्ष्य को हासिल करने का संकल्प लिया गया था।1995मेसे 2025तक लगातार प्रयास किया गया तब जाकर साढ़े सात वर्ष की लंबी यात्रा में संघर्ष करती रही।

निजी दौरे पर सोहागपुर पहुंचे पूर्व मंत्री सिंह के उद्बोधन दौरान सत्ता से बाहर होने पर झलका दर्द

# हम युवाओं ने जब से होश संभाला कांग्रेस की सरकार ही नहीं देखीः जयवर्धन सिंह

हम युवाओं का दुर्भाग्य है कि जब से बड़े हुए हैं, कांग्रेस की सरकार नहीं देखी है। उक्त पीड़ा कांग्रेस नेता, वर्तमान विधायक तथा मप्र में कांग्रेस की कमलनाथ सरकार में मंत्री रहे जयवर्धन सिंह ने शनिवार रात ग्राम माछा में व्यक्त की।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



गत दिनों जयवर्धन सिंह माछा और ढिकवाड़ा ग्रामों में पहुंचे। जहां सिंह अपने परिचित ठाकुर परिवार में उपस्थित हुए थे। इस दौरान सिंह ने ढिकवाड़ा व माछा में संबोधन दिया।

इस दौरान कांग्रेस के सरकार से बाहर रहने की उनकी पीड़ा सामने आई। वहीं पूर्व सरपंच ब्रजकिशोर पटेल, मेहरबान सिंह पटेल, सरपंच सुधीर सिंह ठाकुर, मंजेश पटेल, संजय सिंह ठाकुर, धर्मेश सिंह ठाकुर व अन्य नेताओं ने सिंह का स्वागत किया। धर्मेश ठाकुर ने बताया कि मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह व जयवर्धन सिंह से माछा परिवार के पारिवारिक संपर्क हैं। उल्लेखनीय है कि नर्मदा मां की पैदल परिक्रमा के दौरान दिग्विजय सिंह ने सपत्नीक ग्राम माछा में ठाकुर निवास पर रात्रि विश्राम किया था, जिसका ज़िक्र भी जयवर्धन सिंह ने अपने उद्बोधन में किया।

### किया आव्हान

जयवर्धन सिंह ने कहा कि मध्य प्रदेश में शिक्षित युवा बेरोजगारी से तथा किसान भी सरकार की कृषक विरोधी नीतियों से परेशान हैं। उन्होंने कहा कि अब परिवर्तन का समय है। अतः नर्मदापुरम् जिले की चारों विधानसभाओं में कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी जीतें, इसके लिये प्रयास अभी से शुरू करें। जयवर्धन सिंह ने सभी नेताओं व कार्यकर्ताओं से निस्वार्थ भाव से पार्टी और जनता के हित के काम करने की बात कही।

### जनता का विश्वास हम में कम

जयवर्धन सिंह ने कहा कि नर्मदापुरम जिले की चारों विधानसभाओं में हम नहीं जीत रहे हैं। अतः जनता का विश्वास हम में कम है। उन्होंने आगे कहा कि इसके लिए जनता के बीच जाना आवश्यक है। जनता हमारे पक्ष में मतदान नहीं कर रही है, तो उसमें हमारी पार्टी के प्रति विश्वास जगाऐं। सिंह के उद्बोधन में उनका दर्द झलका तथा उन्होंने कहा कि मेरे सहित पूरी नव पीढ़ी ने कांग्रेस की स्थाई सरकार नहीं देखी है। अतः कांग्रेस कार्यकर्ता बेरोजगारी से परेशान युवाओं के बीच जाएं, उनमें संघर्ष का जज़्बा जगाएं एवं किसानों की भी लड़ाई लड़ें।

### भाजपा ने की वादाखिलाफ़ी

जयवर्धन सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि मप्र में वर्तमान में भाजपा सरकार है। इस सरकार ने सत्ता में आने के समय अर्थात लगभग दो वर्ष पहले वादा किया था कि धान की उपज किसानों से 3100 रुपये की दर पर खरीदेंगे। लेकिन इस भाजपा सरकार ने किसानों के साथ वादाखिलाफ़ी की है। अतः परिवर्तन के आसार हैं तो इसके लिये तैयार रहें। उन्होंने कांग्रेस के कार्यकर्ताओं से कहा कि लोगों के बीच जाएं और सभी से सतत संपर्क रखें।

# योगेश मालवीय हत्याकांडः दो दोषियों को आजीवन कारावास

एक आरोपी दोषमुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

तृतीय अपर जिला न्यायाधीश आदित्य रावत की अदालत ने इटारसी के चर्चित योगेश मालवीय उर्फ 'अट्टू' हत्याकांड मामले में मंगलवार को फैसला सुनाते हुए दो आरोपियों को आजीवन कारावास और अर्थदंड से दंडित किया है। कोर्ट ने आरोपी गगन चौधरी और गिल्लू उर्फ शिवकुमार को भारतीय दंड संहिता की धारा 302 (हत्या) और 34 (सामान्य आशय) के तहत दोषी पाया। दोनों को आजीवन कारावास के साथ 2000-2000 रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई गई है। वहीं, इस मामले के तीसरे आरोपी सचिन उर्फ पप्पू कालोसिया को न्यायालय ने सभी आरोपों से दोषमुक्त कर दिया।

### घटनाक्रम और न्यायालय का निष्कर्ष

अपर लोक अभियोजक राजीव शुक्ला ने बताया कि फरियादी सुनील छोलिया ने थाना पथरौटा में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 22 नवंबर 2023 को वह और योगेश मालवीय ग्राम जमानी में थे।योगेश एक काम से मोटरसाइकिल पर निकला, तभी रास्ते में घाटली गांव से पथरौटा जाने वाले रास्ते पर नहर के पास खेत पर गिल्लू चौधरी, राजा, और गगन चौधरी अपने साथियों के साथ खड़े थे। पुराने मामले को लेकर आरोपियों ने योगेश को गाली गलौज की। जब योगेश ने मना किया, तो गगन चौधरी ने हाथ-मुक्कों से, गिल्लू और राजा ने बांस के डंडों से योगेश मालवीय के साथ मारपीट की। गंभीर रूप से घायल योगेश को पहले इटारसी के सरकारी अस्पताल और बाद में इलाज के लिए भोपाल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान 2 दिसंबर 2023 को उसकी मृत्यु हो गई।

### न्यायालय की टिप्पणी

न्यायालय ने अपने दंडआदेश में स्पष्ट किया कि आरोपीगण ने सामान्य आशय के अग्रसारण में, पुरानी रंजिश को लेकर योगेश मालवीय की बेरहमी से मारपीट कर उसकी हत्या की है।

### केस की पैरवी और तथ्य

अभियोजन पक्ष की ओर से पैरवी अपर लोक अभियोजक राजीव शुक्ला और भूरे सिंह भदौरिया ने की। अभियोजन पक्ष ने कुल 31 गवाहों को न्यायालय के समक्ष पेश किया और 56 दस्तावेजों को प्रदर्शित किया। दोषी शिवकुमार ने इस मामले में कुल 705 दिन और गगन चौधरी ने 616 दिन जेल में बिताए हैं। इस केस का चौथा आरोपी, राजा उर्फ ऋषभ बाली, घटना के बाद से ही फरार चल रहा है।

### सजा और आगे की कार्रवाई

दोषी गगन चौधरी (जो पूर्व में जमानत पर था) को सजा सुनाए जाने के बाद तत्काल गिरफ्तार कर लिया गया। दोनों दोषियों गगन चौधरी और शिवकुमार को सजा वारंट के साथ जिला जेल, नर्मदापुरम भेज दिया गया है। न्यायालय ने आदेश दिया है कि यदि दोषी जुर्माना (अर्थदंड) की राशि अदा नहीं करते हैं, तो उन्हें अतिरिक्त 6-6 माह का कठोर कारावास भुगतना होगा।

# पिपरिया नागरिक आपूर्ति निगम में गड़बड़ी का मामला, जांच में सामने उजागर कई खामियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

खाद्य नागरिक आपूर्ति निगम के द्वारा पी,डी,एस राशनकार्ड धारकों को वितरित करने वाले खादान में गड़बड़ी खराब अनाज का वितरण करने की शिकायत किसी नव नियुक्त पत्रकार के द्वारा जिला कलेक्टर खाद्य नागरिक आपूर्ति अधिकारी को फोन पर की गई थी।जिसकी शिकायत खाद्य नागरिक आपूर्ति अधिकारी मनोज कुमार शुक्ला एवं वेयरहाउसिंग लाजिस्टिक्स कारपोरेशन अधिकारी भीम सिंह डाबर नागरिक आपूर्ति निगम के धान अधिकारी आयुष कुमार की उपस्थिति में की गई।

जांच अधिकारी एवं सुत्रों के अनुसार पीडिएसमे वितरण किया जाने वाला अनाज सही नहीं उठाया गया है।जूट के बारदाने का गेंहू और चावल लाया जा रहा है।जिसे छानकर बेंच दिया जाता है।खराब अनाज राशनकार्ड धारकों को वितरित करके घपला किया गया है।जांच अधिकारी ने बताया कि कुछ कमीयां पाई गई है। पंचनामा तैयार कर जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत कर दिया गया है।



नान अधिकारी आयुष कुमार ने बताया कि उनके द्वारा एस आर के अनुसार स्टॉक का मिलान कर दिया गया है। सभी दस्तावेज जमा हो गए हैं। वेयरहाउसिंग लाजिस्टिक्स कारपोरेशन की एक चाभी वेयरहाउसिंग प्रबंधक के पास रहती है तथा एक चाबी वेयरहाउस खोलने वाले कर्मचारियों पर होती है।नान अधिकारी के पास कोई चाभी नहीं है। उनके द्वारा कोई गड़बड़ी नहीं की गई है।

# धान पराली के निदान के लिए किसानों ने दिया ज्ञापन, बोले-रबी फसल की करना है बोबनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

माखन नगर ग्राम बागर खेड़ी और नगवाड़ा के किसानों ने तहसील कार्यालय पहुंचकर तहसीलदार को ज्ञापन देकर मांग की है की धान की फसल कट चुकी है हमें रवि की फसल की बोबनी करना है धान की नरवाई नष्ट करना अति आवश्यक है वहीं प्रकृति का कहर भी जारी है ऐसी स्थिति में दोबारा बोबनी करना संभव नहीं है।

अतः हम कृषक गणों को पराली (नरवाई) जलाने की अनुमति प्रदान करें जिससे हम अगली फसल की बोबनी कर सके पहले भी किसान और किसानों से जुड़े संगठन पराली का ठोस निदान करने की मांग कर चुके हैं लेकिन अभी तक प्रशासन की तरफ से नरवाई जलाने की अनुमति के लिए कोई पहल नहीं की गई है ज्ञापन पर यादव समाज के पूर्व जिला अध्यक्ष प्रमोद यादव बागर खेड़ी के सरपंच रामभरोस यादव लालता प्रसाद यादव पूरन लाल यादव विजय यादव चेतराम यादव बद्री अहिरवार अशोक यादव सीताराम यादव संतोष खेमचंद यादव गोविंद गणपत यादव भवानी चौहान महेंद्र चौहान रामचरण मेहरा बनवारी लाल सुखराम अंजेश नंदकिशोर हरिओम उमेश यादव कैलाश यादव राजू यादव कोमल राकेश सुरेश मुकेश आनंद राम मोहन नरेंद्र दीपक सहित अनेक कृषको के हस्ताक्षर है।



### नप की फूटी पेयजल पाइप लाइन से बने फव्वारे, बर्बाद हो रहा पानी

**सोहागपुर।** शहर में नगर परिषद की पेयजल वितरण की दशकों पुरानी पाइप लाइन भूमिगत है। बहुत पुरानी हो चुकी लाइन में रिसाव बनने लगे हैं। तथा जगह-जगह लाइन फूटने से बने फव्वारों से जनता परेशान है।
नागरिकों के अनुसार इस तरह कीमती जल की बर्बादी हो रही है। समूचे शहर में नगर परिषद की भूमिगत पेयजल पाइपलाइन है। यद्यपि कुछ वार्डों में नगर परिषद की भूमिगत पाइप लाइन से पेयजल वितरण बंद हो चुका है। लेकिन अभी भी कहीं कहीं वितरण हो रहा है। और वहां पाइप लाइन फूटने से पान बर्बाद हो रहा है। खासकर वहां पाइपलाइन फूटी हुई है, जहां लाइन सड़क क्रॉस कर बिछाई गई थी। नागरिकों के अनुसार रोजाना इस तरह की स्थिति के चलते हजारों लीटर पानी बर्बाद हो रहा है। अतः आवश्यकता है कि नगर परिषद और ध्यान दे तथा सुधार करे। इसी तरह की स्थिति नर्मदा जल वितरण लाइन के साथ भी बनी हुई है। यह लाइन भी जहां-जहां रोड क्रॉस कर फैलाई गई है, वहां निश्चित रूप से लीकेज बन गए हैं। जिनके कारण नागरिक रोजाना परेशान होते हैं।

# सिंधी समाज जनसुनवाई में देने पहुंचे आवेदन तो हुआ अचानक हंगामा, जमकर चले लात-घूसे

## जोहार पार्टी प्रमुख अमित वघेल के द्वारा अशोभनीय टिप्पणी का जता रहे थे विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



पिपरिया जनपद पंचायत क्षेत्र के तहसील कार्यालय में प्रत्येक मंगलवार की तरह जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया गया था। उसी दौरान सिंधी समाज केद्वारा एक आवेदन पत्र दिया गया था। जिसमें बताया गया है कि सिंधी समाज के आराध्य भगवान झूलेलाल को लेकर छत्तीसगढ़ निवासी जोहार पार्टी प्रमुख अमित वघेल के द्वारा झूलेलाल पर अशोभनीय टिप्पणी की गई जिससे समाज ने अमित वघेल पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई करने की मांग की थी। की अचानक किसी अनजान व्यक्ति के द्वारा सिंधिसमाज के साथ गाली-गलौच की उसी दौरान अनुविभागीय अधिकारी राजस्व आकिप खान तहसीलदार वैभव बैरागी नायाब तहसीलदार मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रबल अरजरिया मुख्य नगरपालिका अधिकारी आर पी नायक सभी लोग शामिल हुए थे।उसी दौरान सिंधी समाज के युवाओं के द्वारा लात घूसों से मारपीट कर दी गई। जबकि सरकारके सभी नुमाइंदे मौजूद रहे फिर भी एफआईआर दर्ज नहीं कराई गई।तो तहसीलदार वैभव बैरागी ने बताया कि सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है ऐसे लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया जाएगा तथा कड़ी कार्रवाई की जावेगी तो वहीं सिंधी समाज के लोगों ने युवाओं को माफ करने की बात कही गई है। ज्ञापन देने वालों में सिंधी समाज के अध्यक्ष गोपाल दास दुदानी, धर्मेंद्र मेघनानी लखन आनंदानी सहित सैकड़ों लोगों ने हाथ में झंडे लहराते हुए नारे लगाए।

### पुलिस ने शुरू किया 'मुस्कान अभियान'

**सोहागपुर।** महिला सुरक्षा शाखा पुलिस मुख्यालय द्वारा संचालित 'मुस्कान अभियान' सोहागपुर थाना क्षेत्र में पुलिस के जिला अधिकारियों के निर्देश पर शुरू किया गया है। जिसमें गुम नाबालिग बालिकाओं की दस्तयाबी मुख्य लक्ष्य है। यह अभियान स्कूलों व कॉलेज में एक नवंबर से 30 नवंबर 2025 तक जागरूकता स्वरूप चलाया जाएगा। जिसमें मैदानी कार्य और सक्रियता से होंगे ताकि गुम नाबालिग बालिकाओं की अधिक दस्तयाबी हो। सोहागपुर एसडीओपी संजू चौहान व टीआई ऊषा मरावी ने कहा कि तकनीक से समाज में फैलती अश्लीलता से बचाव बावत बेटियों को स्कूल तथा कॉलेज में जागरूक किया जा रहा है। स्कूलों में गुड टच व बैड टच बावत बता रहे हैं। महिला एवं बाल विकास से संपर्क स्थापित कर ग्रामीण क्षेत्रों में भी कार्यक्रम आयोजित कराए जाएंगे। वहीं मंगलवार को सोहागपुर स्थित एक शिक्षण संस्था में कार्यक्रम किया गया, जिसमें टीआई ऊषा मरावी ने बालिकाओं अहम आपातकालीन कॉल नंबरों की जानकारियां दीं।

# न्यास कॉलोनी और आजाद नगर में बन रहे ईडब्ल्यूएस आवासों का नपाध्यक्ष ने किया निरीक्षण, दिए कार्य पूर्ण करने के निर्देश

## यह सिर्फ ईंट गारे की इमारत नहीं, सपनों का घर हैः नपाध्यक्ष चौरे

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

कभी कागज़ों में अटके रहे सस्ते मकानों के सपनों को अब हकीकत में बदलने की तैयारी है। नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने मंगलवार को प्रदर्शनी नगर न्यास कॉलोनी और आजाद नगर सब्जी मंडी परिसर में बन रहे कुल 180 ईडब्ल्यूएस आवासों के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। नपाध्यक्ष ने कहा कि यह सिर्फ ईंट-गारे की इमारत नहीं, लोगों के सपनों का घर है।" चौरे ने कहा कि अब इन योजनाओं में पारदर्शिता और गति लाई गई है। जिन हितग्राहियों का रजिस्ट्रेशन पूरा हो चुका है, उन्हें जल्द ही आवास का लाभ मिलेगा। इस दौरान एई मीनाक्षी चौधरी, उपयंत्री सोनिका अग्रवाल साथ थी।



### इन प्रोजेक्ट्स की कहानी भी दिलचस्प है :

वर्ष 2017 में स्वीकृत हुए ये दोनों प्रोजेक्ट कई सालों तक ठप पड़े रहे। चौरे ने जिम्मेदारी संभालने के बाद पुराने टेंडर रद्द कराए और रिटेंडर की प्रक्रिया से काम को फिर पटरी पर लाया। अब दोनों साइट्स पर निर्माण की रफ्तार दिखने लगी है।

### न्यास कॉलोनी प्रोजेक्ट

करीब 7 करोड़ रुपये की लागत से बन रहे 84 ईडब्ल्यूएस मकानों की मल्टी छह मंजिला होगी। दो फ्लोर तैयार हो चुके हैं और तीसरी छत की तैयारी चल रही है। इसमें एक लिफ्ट और एक सीढ़ी का प्रावधान है। नपाध्यक्ष ने अधिकारियों से कहा कि जून 2026 तक यह प्रोजेक्ट पूरा होना चाहिए।

### आजाद नगर प्रोजेक्ट

यहां 9 करोड़ रुपये की लागत से 96 आवास बन रहे हैं। छह फ्लोर वाली इस इमारत में अभी चौथी मंजिल की छत डल रही है। इसमें दो लिफ्ट और दो सीढ़ियों का प्रावधान रहेगा। इस प्रोजेक्ट को मार्च 2026 तक पूरा करने का लक्ष्य तय किया गया है।

### सस्ती कीमत पर पक्की छत का सपना

प्रत्येक मकान की कीमत 6 लाख रुपये रखी गई है। इसमें से 2 लाख रुपये हितग्राही को जमा करने होंगे। 2.5 लाख रुपये की सब्सिडी सरकार देगी, जबकि शेष 1.5 लाख रुपये प्रधानमंत्री आवास योजना (एलआईजी प्रोजेक्ट) की क्रॉस सब्सिडी से पूरी की जाएगी।

# शासकीय कालेज में कैरियर मार्गदर्शन कार्यशाला हुई



हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

शासकीय कालेज माखन नगर के सभागार में स्मार्ट निवेशक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया ,भारतीय प्रतिभूमि और विनिमय बोर्ड आयोजन द्वारा दिनांक 3 अक्टूबर को महाविद्यालय में श्रीमती पूजा ऋषि द्वारा छात्र-छात्राओं और समस्त महाविद्यालय के शिक्षकों को निवेश की प्रक्रिया और बीमा के प्रकारों की जानकारी दी व समय सीमा के बारे में विस्तार पूर्वक पीपीटी के माध्यम से बताया गया। कार्यक्रम के अंत में श्रीमती पूजा द्वारा बच्चों से प्रश्नोत्तरियों का आयोजन किया गया। छात्र-छात्राओं के प्रोत्साहन हेतु जिन बच्चों ने सही जवाब दिया उनको पुरस्कार भी वितरित किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में अजय मेहरा, डॉक्टर राजकुमार पटवा, डॉक्टर सुमन अवस्थी, मंजू मेहरा ,संध्या गोलियां का सराहनीय योगदान रहा। आभार प्रदर्शन डॉ क्षमा मेहरा द्वारा किया गया ।

धूमधाम से मनाई संत शिरोमणि नामदेव महाराज की जयंती

# बच्चों ने दी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

संत शिरोमणि नामदेव महाराज की 755वीं जयंती कार्यक्रम का आयोजन नामदेव विकास परिषद, नामदेव विकास युवा परिषद, नामदेव महिला परिषद के संयुक्त तत्वावधान में पिछले दिनों सरला मंगल भवन सूरजगंज में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नरसिंहपुर जिला पंचायत सदस्य व कृषि समिति अध्यक्ष सीताराम नामदेव, विशिष्ठ अतिथि राजेन्द्र नामदेव गाडरवारा उपाध्यक्ष, अखिल भारतीय नामदेव क्षत्रिय महासभा नई दिल्ली, समाज के वरिष्ठ सदस्य व संरक्षकद्वय डॉ. रमेश नामदेव, लीलाधर नामदेव, देवी लाल व स्वर्णलता छेनिया कार्यकारी महिला अध्यक्ष व उपाध्यक्ष, अखिल भारतीय नामदेव क्षत्रिय महासभा, नई दिल्ली उपस्थित थीं।




कार्यक्रम में बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी गई।

कार्यक्रम में समाज के प्रतिभाशाली बच्चों ने नृत्य, चित्रकला के माध्यम से अतिथियों का मनमोह लिया। इसके बाद युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें समाज के विवाह योग्य युवक युवतियों अरविंद नामदेव बकतरा, शुभम नामदेव इंदौर व नर्मदापुरम् से आई शिवा नामदेव ने अपना परिचय दिया।

समाज के बच्चों को पुरस्कृत किया गया। संत नामदेव को 56 भोग का प्रसाद अर्पित नामदेव अंकित रेस्टोरेंट की ओर चढ़ाया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में समाज पदाधिकारी पूनमचंद नामदेव, कैलाश नामदेव, अतुल नामदेव, राहुल शरण सहित अन्य का विशेष सहयोग रहा।

# स्वप्नेश्वर हनुमान धाम में लगाई 56 भोग प्रसादी



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

श्री गौड़ मालवीय ब्राह्मण समाज इटारसी महिला मंडल द्वारा श्री स्वप्नेश्वर धाम मंदिर में कार्तिक मास के उपलक्ष्य में छप्पन भोग एवं दिवाली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। महिला मंडल अध्यक्ष अर्चना मालवीय ने बताया कि महिला मंडल की पदाधिकारी एवं समस्त सामाजिक बहने विभिन्न वेशभूषा में आई एवं 56 भोग का आयोजन किया। आरती पूजन कर भोग लगाया एवं हनुमान चालीसा एवं भजन किए गए। समस्त मातृशक्ति को सुहाग सामग्री भेट की एवं पधारे सामाजिक एवं अन्य भक्तों को प्रसाद एवं भोजन वितरण किया। इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेविका श्रीमती कल्पना शर्मा एवं डॉ. हेमा पुरोहित, मुकेश मिहानी, निर्मल राजपूत जी, संदेश पुरोहित, विश्व हिंदू परिषद की जिला संयोजीका तरुणा सोनी आदि शामिल रहे।